# वनभूमि की माँग का औचित्य

**परियोजना का नाम :–** **जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट के विकास खण्ड बाराकोट के अन्तर्गत सुतेड़ा से जमरेड़ी व कान्तेश्वर तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य।**

उपरोक्त परियोजना की स्वीकृति उत्तराखण्ड शासन के पत्र 149/111(2)/16–59 प्रा0आ0)/2015 लोक निर्माण अनुभाग–2 दिनांक 13/1/2016 के द्वारा 5.00 कि0मी0 लम्बाई हेतु प्रथम चरण में रू0 14.00 लाख की प्राप्त हुई है। इस मार्ग का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित मोटर मार्ग चौमेल वल्सों मोटर मार्ग के कि0मी0 5.00 से प्रारम्भ किया गया है जो सुतेड़ा ग्राम से प्रारम्भ होता है जिसका अन्तिम बिन्दु जमरेड़ी नामक स्थान पर समाप्त होता है। इस मार्ग के बनने से इस क्षेत्र में बसे ग्राम जमरेड़ी, कान्तेश्वर के ग्रामवासियों को यातायात की सुविधा मिलेगी। भविष्य में इस मार्ग का मिलान टनकपुर जौलजीवी, पंचेश्वर घाट से हो जाएगा जिससे इस क्षेत्र में बसे हुए ग्रामवासियों का सीधा सम्पर्क जनपद पिथौरागढ़ एवं टनकपुर तक हो जाएगा।

अभी तक इस क्षेत्र में मोटर मार्ग न होने के कारण इस क्षेत्र के ग्रामवासियों को यातायात की सुविधा नहीं मिल पा रही है। मार्ग के बन जाने के कारण समस्त क्षेत्रीय जनता को यातायात का लाभ मिलेगा। इस मार्ग के समरेखण में सिविल भूमि ग्राम सुतेड़ा की प्रभावित हो रही है जिस हेतु वनभूमि प्रस्ताव गठित किया गया है।

उपरोक्त स्थिति को मध्येनजर रखते हुए इस मार्ग का निर्माण किया जाना अतिआवश्यक है। मोटर मार्ग के निर्माण में चौड़ई 7.00 मी0 प्रस्तावित की गई है जो 2.45 हे0 सिविल भूमि आ रही है तथा 0.30 हे0 मलवा निस्तारण हेतु प्रस्तावित किया गया है। इस प्रकार कुल वनभूमि 2.75 हे0 का स्वीकृति हेतु प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित किया जा रहा है। वनभूमि की स्वीकृति उपरान्त निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जाएगा।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो० नि० वि०
लोहाघाट

ह0/–
(प्रधिशासी अभियन्ता)
निर्माण खण्ड लो० नि० वि०
लोहाघाट (चम्पावत)

प्रभागीय वनाधिकारी
चम्पावत वन प्रभाग, चम्पावत